राष्ट्रीय बाल भवन National Bal Bhavan
कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002 Kotla Road, New Delhi – 110002

तात्कालिक साक्षात्कार

WALK-IN-INTERVIEW

राष्ट्रीय बाल भवन में निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता मापदण्ड को पूरा करने वाले व्यक्ति को अनुबंध के आधार पर लिपिक के रूप में एक वर्ष की अवधि पर या पद के नियमित रूप से भरने तक, जो भी पहले हो, की शर्त पर रखने के लिए तात्कालिक साक्षात्कार दिनांक 06.04.2019 को प्रातः 09.30 बजे सुनिश्चित किया गया है जिसके लिए शैक्षिक योग्यता एवं कार्यानुभव एवं सेवा सम्बन्धी सभी दस्तावेज मूल रूप में जांच के लिए साथ लायें

लिपिक (01) : आवेदक को मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से सीनियर सेकेंडरी या समकक्ष योग्यता धारक होना चाहिए। **आवेदक को कम्पयूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में टाईपिंग आनी चाहिए क्योंकि टाईपिंग टेस्ट और इंटरव्यू के लिए केवल उन्हीं आवेदकों पर विचार किया जायेगा जो हिन्दी व अंग्रेजी दोनों टाईपिंग जानते होंगे।** आवेदक के पास हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम गति होनी चाहिए और कम्पयूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी दोनो में डाटा एंट्री और वर्ड प्रौसेसिंग के कार्य का पर्याप्त कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। (समेकित पारिश्रमिक– रू.20,000/– प्रति माह)

नोट :–

1. अनुबंध प्रारम्भिक रूप से एक वर्ष का होगा।
2. उपर्युक्त कार्य हेतु अनुबंध अस्थाई एवं पैनल बनाने के लिए होगा। वास्तविक अनुबंधीय नियुक्ति समय–समय पर उत्पन्न होने वाली आवश्यकतानुसार होगी।
3. राष्ट्रीय बाल भवन के सक्षम प्राधिकारी के पास किसी भी या सभी आवेदनों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। उपर दिया गया योग्यता मापदण्ड न्यूनतम है। अधिक आवेदन प्राप्त होने पर योग्यता मापदण्ड आवश्यकतानुसार बढ़ाया जायेगा।
4. अधिकतम आयु सीमा : 62 वर्ष तक

(निदेशक, रा.बा.भ.)